# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# औद्योगिक गतिविधियां दुबारा शुरू, सरकार ने दी कई रियायतें

## कोरोना की सेम्पलिंग व टेस्टिंग बढ़ाने पर जोर

**जानकारी**

■अपना काम शुरू करने के लिए मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की आर्थिकी में सुधार लाने के लिए राज्य सरकार पूरे प्रयास कर रही है। इंदुकुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में गठित समिति ने अपनी अंतरिम रिपोर्ट दे दी है।

राज्य में उद्यमियों की सुविधा के लिए उद्योग के संचालन की अनुमति हेतु एकल खिड़की की व्यवस्था की गई है। इस व्यवस्था के माध्यम से उद्योगों को संचालन की अनुमति दी गई है। लॉक डाउन की अवधि में भी कोविड–19 से सुरक्षा हेतु आवश्यक उपायों के दृष्टिगत आवश्यक वस्तुओं का उत्पादन करने वाली ईकाइयों को बंदी से मुक्त रखा गया था। राज्य में केंद्र सरकार की गाईडलाईन के अंतर्गत औद्योगिक गतिविधियां शुरू की गई हैं। हजारों उद्योगों को संचालन के लिए अनुमति दी गई है। इनमें से बहुत सी इकाइयों ने काम शुरू कर दिया है। उद्योगों को तमाम तरह की सहूलियतें दी गई।



प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की सहमति की अवधि को एक वर्ष का विस्तार दिया गया जिस पर कोई शुल्क नहीं लिया जा रहा। औद्योगिक और वाणिज्यिक श्रेणी के उपभोक्ताओं से मार्च 2020 से मई 2020 तक, की गई बिजली खपत के सापेक्ष फिक्स्ड धडिमान्ड चार्ज की वसूली स्थगित की गई। विलम्ब भुगतान अधिभार से छूट दी गई। रोड टैक्स में 03 माह की छूट दी गई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन व्यवसाय में पंजीकृत 2.25 लाख गाईड, राफ्टर, पोर्टर और परिवहन विभाग में पंजीकृत 25 हजार ऑटो, ई–रिक्शा संचालकों को एकमुश्त एक–एक हजार रूपए दिए जाने का निर्णय लिया गया। इससे सरकार पर 25 करोड़ का भार पड़ेगा। वीर चंद्र सिंह गढ़वाली स्वरोजगार योजना और पं.दीनदयाल उपाध्याय होम–स्टे योजना में ऋण लेने वालों को अप्रेल से जून माह तक ब्याज पर छूट दी गई है।

**कोरोना वारियर्स को प्रोत्साहन**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में ई–संजीवनी टेलीमेडिसिन सेवा प्रारंभ की गई है। 400 से अधिक चिकित्सकों की नियुक्ति की गई है। आंगनबाड़ी और आशा कार्यकत्रियां, कोरोना वारियर्स के रूप में फ्रंटलाईन में बहुत ही बेहतर काम कर रही हैं। प्रत्येक आंगनबाड़ी और आशा कार्यकत्रि के खाते में एक–एक हजार रूपए की सम्मान राशि हस्तांतरित की जा रही है। प्रदेश में इनकी संख्या 50 हजार से अधिक है।

कोविड की टेस्टिंग बढ़ाने के लिए दून, हल्द्वानी व श्रीनगर मेडिकल कालेज के लिए 3 हाईटेक टेस्टिंग मशीनें क्रय करने के लिए 11.25 करोड़ रूपए की धनराशि स्वीकृत की गई है। कोविड–19 की सैम्पलिंग बढ़ाने के लिए प्राईवेट संस्थानों का सहयोग भी लिया जाएगा।

**3 लाख 27 हजार से अधिक प्रवासियों को लाने की व्यवस्था की गई:** मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्य राज्यों से लगभग 3.27 लाख प्रवासियों को विभिन्न माध्यमों से वापस लाया गया है। उत्तराखण्ड से दूसरे राज्यों के लगभग 1 लाख लोगों को भेजा गया है।

राज्य में लौटे प्रवासियों को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को कुल 110 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। राज्य खाद्य योजना के अंतर्गत 10.28 लाख परिवारों के लिए राज्य सरकार द्वारा तीन माह हेतु प्रति कार्ड वितरण स्केल को बढ़ाते हुए 20 किलोग्राम खाद्यान्न प्रति कार्ड किया गया।

## न्यूज डायरी

### विधायक ने किया पूर्व सैनिकों को सम्मानित

**संवाददाता** पिथौरागढ़। गरीबों व असहायों की लाकडाउन में पूर्व सैनिकों द्वारा बखूबी जनसेवा का निर्वाहन किया गया। वही बता दें की जिले में कोविड 19 के दौरान पूर्व सैनिक जनसेवा कल्याण समिति जनसेवा में जुटी रही। इन सैनिकों द्वारा दूर दराज के गांवों में जाकर गरीबों व जरूरतमंदों की सेवा बखुबी कीं। विधायक चन्द्रा पंत ने इन सैनिकों को सम्मानित किया। इनके प्रयासों की सराहना भी की। इस दौरान तमाम सैनिक संगठन मौजूद रहे।

### विधायक ने बीआरो पर लगाया दुर्लभ प्रजाति के पेड़ों को काटने का आरोप

**संवाददाता** पिथौरागढ़। सीमांत तहसील धारचूला के विधायक हरीश धामी ने बीआरो पर क्षेत्र के दुर्लभ प्रजाति के पेड़ काटे जाने की शिकायत राज्यपाल बेनी मौर्य से की। बता दें कि सीमांत तहसील क्षेत्र धारचूला के चीन सीमा को जोड़ने वाले सड़क मार्ग पर बीआरो द्वारा सड़क निर्माण कार्य के दौरान भारी तादात में दुर्लभ प्रजाति के पेड़ काटे जाने की सूचना विधायक के माध्यम से देहरादून तक जा पहुंची है। वही विधायक और बीआरो के बीच इस मामले को लेकर गहमा बहमी का माहौल बरकरार है।

### जिले में लंबे समय से एसबीआई के एटीएम पड़े है बंद

**संवाददाता** पिथौरागढ़। जिले में पिछले एक माह से भी ज्यादा बीत चुका है। वही जिले में अब तक स्टेट बैक के एटीएम बंद पडे होने से जिले के लोगों को धनराशि निकालने में परेशानी हो रही है। लोगों को बैकों के आगे लंबी कतार देखने को मिल रही है। अचानक से नेट के बंद हो जाने से बैक में आने वाले लोगो को लंबी लाइन में खड़े होने के बावजूद भी धनराशि नही मिल पा रही है। जिले वर्तमान में केवल दो ही एटीएम काम कर रहे है। लागों ने जल्द से जल्द एटीएम खोले जाने की मांग की है ।

### हेक्टर प्लस शुरुआती 13.48 लाख रुपए कीमत में

**संवाददाता** देहरादून। एमजी (मॉरिस गैराज) मोटर इंडिया ने आज 13.48 लाख रुपए (एक्स–शोरूम, नई दिल्ली) के शुरुआती मूल्य पर बहुप्रतीक्षित एमजी हेक्टर प्लस लॉन्च की है। हेक्टर प्लस भारत की पहली 6–सीटर इंटरनेट एसयूवी है जो पैनोरमिक सनरूफ के साथ आती है। इसका निर्माण एमजी मोटर के गुजरात में वडोदरा के पास हलोल में स्थित स्टेट–ऑफ–द–आर्ट मैन्यूफेक्चरिंग फेसिलिटी में किया जाएगा। एमजी हेक्टर परिवार के इस नए सदस्य 6–सीटर हेक्टर प्लस में बीच की पंक्ति में शानदार और आरामदेह कैप्टन सीट्स दी गई हैं।

## दून से बेंगलूरू और हैदराबाद के लिए हवाई सेवा शुरू

**संवाददाता** देहरादून। दून से बेंगलूरू और हैदराबाद के लिए एयर इंडिया की हवाई सेवा बुधवार से से शुरू हो गयी। यह जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री के नागरिक उड्डयन सलाहकार कैप्टन दीप श्रीवास्तव ने बताया कि देहरादून–बेंगलूरू–हैदराबाद के बीच हवाई सेवा सप्ताह में दो दिन बुधवार और रविवार को संचालित होंगी। हैदराबाद से प्रस्थान का समय पूर्वाह्न 7.00 बजे और देहरादून में आगमन का समय पूर्वाह्न 9.15 बजे है। इसी प्रकार देहरादून से पूर्वाह्न 10.15 बजे प्रस्थान कर फ्लाईट बेंगलूरू अपराह्न 12.45 बजे पहुंचेगी। यहां से अपराह्न 2.00 बजे प्रस्थान कर फ्लाईट अपराह्न 3.00 बजे हैदराबाद पहुंचेगी।




# डीडीहाट के सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में स्वास्थ सेवा लड़खड़ाई

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। सीमांत तहसील क्षेत्र डीडीहाट के सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र में स्वास्थ सेवा लड़खड़ानें लगी है। बता दें कि सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र में स्वास्थ सेवा राम भरोसे चल रही है।

जानकारी जो हाथ लगी है उसके मुताबिक स्वास्थ केन्द्र में अल्टासाउंड मशीनों को चलाने वाले डाक्टर तक नही है। जो मशीनें काम की है वे मशीने पड़ी पडी धूल फांक रही है। आलम यह है कि सीमांत तहसील की दस हजार आबादी को सरकारी स्वास्थ सेवा के नाम पर छला जा रहा है। स्वास्थ केन्द्र में इलाज के लिए दूर दराज से

**पड़ी पड़ी मशीनें फांक रही धूल**

आने वाले बीमार मरीजों को ऐसे हालातों में जिला मुख्यालय के अस्पताल में मजबूरी में आना पड़ रहा है। सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र में जनरिक दवाओं का भी टोटा है। क्षेत्र में लंबे समय से बाल चिकित्सक व महिला चिकित्सक का पद खाली पड़ा हुआ है। दस हजार से अधिक आबादी वाले क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र में चिकित्सकों की कमी मरीजों पर भारी पड़ती नजर आ रही है। बीमार मरीजों को इलाज कराने के लिए 40 किमी दूर जिला मुख्यालय आने को मजबूर होना पड़ रहा है। बता दें कि क्षेत्र के लोगों में अस्पताल की बदहाली को लेकर खासा आक्रोश देखने को मिल रहा है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि यदि शीघ्र स्वास्थ सेवाओं में सुधार नही किया गया तो वे लोग आंदोलन करने को बाध्य होंगे। अल्टसांड मशीने भी डाक्टर के अभाव में चलाने वाला कोई भी मौजूद नही है।

क्षेत्र के लोगों ने लचर हो चुकी स्वास्थ सेवाओ को लेकर खासा आक्रोश जताया है। क्षेत्र के लोगों ने जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी को एक शिकायती पत्र सौपा है। लोगों ने यथाशीघ्र क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र में स्वास्थ सेवा चाकचौबंध करने की मांग की है। नाराज लोगो ने क्षेत्र के विधायक बिशन सिंह चुफाल का पुतला भी फूंका ।

## जिला पंचायत सदस्यों की राय नहीं लिए जाने पर जिप सदस्य भड़के

**संवाददाता** मुनस्यारी। मुनस्यारी विकास खंड में बीएडीपी की तीन–चार सालो की कार्ययोजना में जिला पंचायत सदस्यों की राय नहीं लिए जाने पर जिप सदस्य भड़क गए। खंड विकास अधिकारी व सीड़ीओ को पत्र देकर आपत्ति दर्ज कर दी है। उन्होंने कहा कि यह निर्वाचित सदस्यो का अपमान है। नौकरशाही की मनमानी को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

बीएडीपी की कार्ययोजना तैयार करते समय पहले से उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक होती थी, उसमें बीएडीपी के प्रस्तावो पर बातचीत की जाती थी। इस बार जिप सदस्यो को बताए बिना प्रस्ताव तैयार कर दिया गया। पहले एक साल के प्रस्ताव बनते थे, इस बार तीन–चार साल के एक साथ बन रहे है, उसमें भी जिप सदस्यो को किनारा कर दिया गया है। जिप सदस्य जगत मर्तोलिया ने कहा कि पहली बार निर्वाचित सदस्यो को दरकिनार कर बीएडीपी के प्रस्ताव बनाया गया है. जिसका हम विरोध करते है। मर्तोलिया ने कहा कि ये सदस्यो का अपमान है, इस पर हम चुप नहीं बैठेंगे।